# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

## :: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक – शिविरा/मा/संस्था/सी–5/स्थानांतरण/भूगोल व अन्य विषय/2020–21 दिनांक–30.09.2021 के तहत् अरविन्द कुमार यादव व्याख्याता, भूगोल राउमावि मानोता कलां, (215998) झुंझुनू का स्थानांतरण राउमावि. सराना (221794) अजमेर किया गया।

उक्त स्थानांतरण आदेश के विरूद्व अरविन्द कुमार यादव द्वारा राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 5488/21 अरविन्द कुमार यादव, बनाम राजस्थान सरकार व अन्य दायर की गई।

उक्त अपील में माननीय अधिकरण ने आदेश दिनांक 10.11.2021 में अपीलार्थी को प्रत्यर्थी विभाग के समक्ष अपील में वर्णित तथ्यों के आधार पर एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एंव प्रत्यर्थी विभाग को प्रस्तुत अभ्यावेदन को विभाग के दिशा–निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में एक आख्यात्मक आदेश प्रसारित कर निस्तारित करने और ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को देने के आदेश पारित किये है।

माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में अपीलार्थी द्वारा अपनी विषम पारिवारिक परिस्थितियों के आधार पर अपना पदस्थापन राउमावि. जैतपुर (215922) झुंझुनूं अथवा राउमावि. सूरजगढ मण्डी (215889) झुंझुनूं में किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की है।

माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर गहनता से मनन एवं विचार करते हुए इनकी विषम पारिवारिक परिस्थितियों के मद्देनजर इनका समायोजन राउमावि. सूरजगढ मण्डी (2158889) झुंझुनूं किया जाकर अभ्यावेदन निस्तारित किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–5/अरविन्द यादव/5488/21/अभ्या./20–21 दिनांकः– 03/01/2022

- प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–
  01. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग ....................।
  02. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा............................।
  03. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा ....................।
  04. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर....................................।
  05. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
  06. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
  07. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि/राबाउमावि ..........................................।
  08. गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर